an>

Title: Regarding Kendriya Vidyalaya in the country.

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : अध्यक्ष महोदया, देश के विभिन्न राज्यों विशेषकर बिहार में प्रमंडलीय एवं जिला मुख्यालयों में अभी तक केन्द्रीय विद्यालय नहीं खुले हैं। ...(व्यवधान) बिहार में हमारे गृह क्षेत्र भागलपुर एवं संसदीय क्षेत्र रोहतास, कैमूर तथा बांका, मुंगेर आदि विभिन्न जिलों मे अभी तक केन्द्रीय विद्यालय नहीं खुल पाये हैं। बक्सर सहित कई जगहों पर बिहार सरकार द्वारा जमीन रहते हुए भी जमीन उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण वर्षों से केन्द्रीय विद्यालय सुचारू रूप से नहीं चल पा रहे हैं। ...(व्यवधान)

मेरे संसदीय क्षेत्र बक्सर में केन्द्रीय विद्यालय के प्रथम वर्ष में नामांकन बंद कर दिया गया है, जिसमें जमीन की अनुपलब्धता एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं के बारे में केन्द्रीय विद्यालय संगठन द्वारा प्रश्न खड़ा किया गया है। वहां 10+2 की भी पढ़ाई अभी चालू नहीं की गयी है। ...(व्यवधान) इसके निकटवर्ती आरा एवं बिहार के विभिन्न केन्द्रीय विद्यालयों में भी 10+2 की पढ़ाई अभी तक प्रारंभ नहीं की गयी है, जिससे केन्द्रीय कर्मचारियों सहित अन्य लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ...(व्यवधान)

मेरा आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह है कि बक्सर में प्रथम वर्ष में नामांकन आदेश निर्गत करने तथा भागलपुर सहित सभी जगहों पर केन्द्रीय विद्यालय शीघ्र खोले जाएं। ...(व्यवधान)